futuretopper.in

Series JBB/5

SET-3

कोड नं. **4/5/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)
HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है — **क, ख, ग** एवं **घ** । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) ***खण्ड क*** *में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

(iii) ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या **2** से **6** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

(iv) ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या **7** से **11** तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

(v) ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या **12** से **16** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

(vi) *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

(vii) *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

(ix) *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

खण्ड क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

जीवन के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण क्या है ? मेरे विचार से इसका आशय है हर चीज़ की जाँच-परख करना, ग़लतियाँ करते हुए और उनसे सीखकर और परीक्षण करके सत्य की तलाश करना । यह कभी नहीं कहना कि ऐसा ही होना चाहिए, बल्कि इस बात को समझना कि ऐसा क्यों है । पूरी तरह आश्वस्त होकर उसे स्वीकार करना, अपने विचारों को बदलने की क्षमता रखना । इस प्रकार का खुला दिमाग रखना, जो जहाँ से भी मिले सच्चाई ग्रहण करने का इच्छुक रहे । अगर यही संस्कृति है तो हमारी बहुत-सी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय समस्याओं को हल करना आसान हो जाएगा ।

प्राय: दुनिया का हर देशवासी यह विश्वास करता है कि स्रष्टा ने उसे कुछ विशेष गुण देकर भेजा है, कि वही दूसरों की अपेक्षा श्रेष्ठ जाति या समुदाय का है । दूसरे चाहे अच्छे या बुरे, लेकिन उससे कुछ घटिया प्राणी हैं । अपनी इस धारणा के बावजूद कि हम कई चीज़ों में दूसरों से श्रेष्ठ हैं, इतिहास इस बात का प्रमाण है कि ऐसे देशों को कुछ विशेष परिस्थितियों में मजबूर होकर यह मानना पड़ा कि उन्हें भी हराया जा सकता है और उनका शोषण किया जा सकता है । हम भी भौतिक और तकनीकी चीज़ों में बहुत आगे बढ़े हुए नहीं थे, लेकिन ये बड़ी ऊपरी चीज़ें हैं, फिर भी हम जरूरी चीज़ों में आध्यात्मिकता और नैतिकता में, दूसरों से ऊँचे हैं किन्तु सत्य यह भी है कि एक ही बात को पकड़ कर बैठे रहना जड़ता को जन्म देता है । हमें खुले मन-मस्तिष्क से अपने पारंपरिक विचारों को वैज्ञानिक चिंतन की कसौटी पर कसने-परखने के लिए तत्पर रहना चाहिए और यदि कोई बात, कोई मान्यता आज अवैज्ञानिक सिद्ध हो तो उसे त्यागने या उसमें परिमार्जन करने में संकोच नहीं करना चाहिए क्योंकि यही वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रमुख लक्षण है ।

(क) वैज्ञानिक दृष्टिकोण को लेखक ने कैसे समझाया है ? *2*

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

(ख) हमें जीवन की समस्याओं का सामना कैसे करना चाहिए और क्यों ? *2*

(ग) प्राय: लोग अपने बारे में क्या धारणा रखते हैं और उनके बारे में इतिहास क्या सिद्ध करता है ? *2*

(घ) लेखक के अनुसार हम किन बातों में अन्य लोगों से श्रेष्ठ हैं ? उनमें बदलाव की आवश्यकता क्यों पड़ सकती है ? *2*

(ङ) राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का समाधान कब संभव है ? *1*

(च) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । *1*

खण्ड ख

2. शब्द कब पद बन जाता है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *1*

3. निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ पड़ी । (सरल वाक्य में)

(ख) एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में ही पूरा करने का प्रयास करने लगे । (मिश्र वाक्य में)

(ग) अँगीठी सुलगाकर उस पर चायदानी रखी । (संयुक्त वाक्य में)

4. (क) निम्नलिखित सामासिक पदों का विग्रह करके समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) आजीवन

(ii) शताब्दी

(ख) निम्नलिखित पदों के समस्त पद बनाकर समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) आराम के लिए कुर्सी

(ii) श्वेत है जो अंबर

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : *1×4=4*

(क) आप यहाँ बैठो ।

(ख) कई स्कूल के विद्यार्थी ऐसा करते हैं ।

(ग) बच्चों से गुस्सा न करो ।

(घ) यह गद्यांश हमारे पुस्तक से लिया है ।

6. निम्नलिखित मुहावरों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए : *1×4=4*

(क) अपना ही राग अलापना

(ख) दो टूक जवाब देना

(ग) उड़ती चिड़िया पहचानना

(घ) मुँह की खाना

खण्ड ग

7. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80 – 100 शब्दों में लिखिए :

'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ में प्रकृति और मानव संबंधों के बारे में क्या चेताया गया है और हम उसकी रक्षा कैसे कर सकते हैं ? *5*

अथवा

'झेन की देन' में किस बात को प्रतिपादित किया गया है ? उस पर अपने विचार लिखिए । *5*

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) कर्नल ने वज़ीर अली के बारे में क्या-क्या सुन रखा था ? 'कारतूस' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) आज भी तताँरा वामीरो की प्रेमकथा घर-घर में सुनाई जाती है, क्यों ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

(ग) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए 26 जनवरी 1931 को सारे हिंदुस्तान में कौन-सा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और इस दिन बड़े बाज़ार का दृश्य कैसा था ?

(घ) बड़े भाई साहब के अनुसार सफल खिलाड़ी कौन होता है ?

9. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) सोहत ओढ़ैं पीतु पटु स्याम, सलौनैं गात ।
मनो नीलमनि-सैल पर आतपु पर्‌यौ प्रभात ।
उपर्युक्त दोहे में श्रीकृष्ण के सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया गया है ?

(ख) 'धँस गए धरा में सभय शाल' – सुमित्रानंदन पंत की कल्पना स्पष्ट कीजिए ।

(ग) कबीर ने किस अँधियारे की बात की है और वह किस प्रकार मिटता है ?

(घ) 'आत्मत्राण' कविता अन्य प्रार्थनाओं से हटकर है, कैसे ?

10. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80 – 100 शब्दों में लिखिए :
आपके विचार से 'कर चले हम फ़िदा' में ऐसा क्या है कि कविता सभी भारतीयों के लिए प्रेरक बन जाती है ? विस्तार से समझाइए । *5*

अथवा

'मनुष्यता' कविता के आधार पर लिखिए की उदार व्यक्ति के कौन-कौन से गुण उसे अलग पहचान देते हैं । अपने परिचितों में से किसी एक का उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि उसे उदार व्यक्ति कैसे कहा जा सकता है । *5*

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'रिश्तों की बुनियाद प्रेम है ।' 'टोपी शुक्ला' पाठ से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'हरिहर काका' पाठ से यह बात भी उभरती है कि आज समाज में बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान कम होता जा रहा है । इस दिशा में आप क्या-क्या करना चाहेंगे ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

futuretopper.in

खण्ड घ

12. आपने कपड़ों के छोटे-छोटे बैग तैयार किए हैं । उसकी बिक्री के लिए लगभग 25 – 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

अथवा

आप अपनी पुरानी पुस्तकों को बेचना चाहते हैं । अपनी कॉलोनी में प्रचार के लिए लगभग 25 – 50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए । *5*

13. परीक्षा भवन के बाहर हिन्दी के प्रश्न-पत्र के बारे में दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । *5*

अथवा

घर के आँगन में अमरूद का पेड़ फलों से लद गया है । उसके बारे में बहन-भाई के बीच हुए संवाद को लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । *5*

14. विद्यालय में नवीं-दसवीं कक्षा के बीच कबड्डी का मैच आयोजित किया जाएगा । खेल सचिव की ओर से 40 – 50 शब्दों में सूचना लिखिए । *5*

अथवा

विद्यालय में कठपुतली नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी, उसके लिए 40 – 50 शब्दों में सूचना लिखिए । *5*

15. 'चेक बुक' खो जाने पर बैंक प्रबंधक को 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर सूचना देते हुए उपयुक्त कार्रवाई के लिए निवेदन कीजिए । *5*

अथवा

आपके विद्यालय में कैंटीन की व्यवस्था करवाने के लिए प्रधानाचार्या को 80 – 100 शब्दों में धन्यवाद-पत्र लिखिए । *5*

16. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) जनसंख्या नियंत्रण

- जनसंख्या वृद्धि की समस्या
- नियंत्रण की आवश्यकता क्यों
- नियंत्रण कैसे ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in

(ख) गाँवों की बदलती तस्वीर

- रहन-सहन का स्तर
- शिक्षा और आधुनिकता
- भविष्य की संभावनाएँ

(ग) हिन्दी हमारी पहचान

- मातृभाषा के रूप में
- संपर्क भाषा के रूप में
- हिन्दी का भविष्य

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in